NEP 2020 और समग्र शिक्षा अभियान

प्रिलिम्स के लिये:

समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020), पीएम श्री, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, परख, निष्ठा, PM ई-विद्या, दीक्षा, विद्या समीक्षा केंद्र, SDG, केंद्र प्रायोजित योजना।

मेन्स के लिये:

समग्र शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) की मुख्य विशेषताएँ और उनके कार्यान्वयन से उत्पन्न होने वाले संघीय मुद्दे।

स्रोत: द हिंदू

चर्चा में क्यों?

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) का विरोध करने के कारण **तमिलनाडु के** समग्र शिक्षा अभियान निधि में **केंद्रीय हिस्सेदारी रोक दी** है।

तमिलनाडु NEP 2020 का विरोध क्यों कर रहा है?

- **भाषा नीति विवाद:** NEP 2020 में त्रि-भाषा नीति **(तमिल, अंग्रेजी और एक क्षेत्रीय भाषा)** को अनिवार्य किया गया है, जिसे तमिलनाडु **केंद्र की नीति** को अनावश्यक रूप से लागू करने के रूप में देखता है।
  - तमिलनाडु में वर्ष 1968 से **दो-भाषा फार्मूला (तमिल और अंग्रेज़ी)** लागू है।
- **राज्य की स्वायत्तता को कमज़ोर करना:** तमिलनाडु केंद्र द्वारा NEP के एक समान कार्यान्वयन के प्रयास को **अपनी स्वायत्तता पर अतिक्रमण तथा** सहकारी संघवाद को कमज़ोर करने वाला मानता है।
  - शिक्षा समवर्ती सूची में है, जिसके लिये लचीलेपन और **राज्य-स्तरीय अनुकूलनशीलता** की आवश्यकता है।
  - तमिलनाडु अपने **सामाजिक-भाषाई और आर्थिक संदर्भ** के अनुरूप अपनी स्वयं की **राज्य शिक्षा नीति** का मसौदा तैयार कर रहा है।
- **व्यावहारिक दृष्टिकोण का आह्वान:** तमिलनाडु का तर्क है कि **समग्र शिक्षा और** पीएम श्री जैसी केंद्रीय योजनाओं को **NEP 2020 से अलग कर दिया जाना** चाहिये।
  - वित्तपोषण नीति अनुपालन के बजाय **प्रदर्शन संकेतकों** पर आधारित होना चाहिये।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 क्या है?

- **परिचय: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने 1986 की 34 वर्ष पुरानी NEP** की जगह ली है और इसका उद्देश्य सभी स्तरों पर **शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और पहुँच** में अंतराल को कम करना है।
  - डॉ. के. कस्तूरीरंगन समिति की सिफारिशों के आधार पर, यह **आधारभूत साक्षरता, समग्र पाठ्यक्रम, बहुभाषी शिक्षा** और व्यावसायिक और शैक्षणिक मार्गों के एकीकरण को प्राथमिकता देती है।
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - **संरचनात्मक सुधार:** NEP 2020 द्वारा **10 + 2 प्रणाली के स्थान पर 5 + 3 + 3 + 4 प्रणाली** को अपनाया गया और **शिक्षा को 3 से 18 वर्ष की आयु** के बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं के साथ संरेखित किया गया।

चरण	अवधि	आयु (कवर की गई कक्षाएँ)	प्रमुख विशेषताएँ
आधारभूत चरण	5 साल	आयु 3-8 (प्रीस्कूल और कक्षा 1-2)	खेल-आधारित शिक्षा
प्रारंभिक चरण	3 वर्ष	कक्षा 3-5	औपचारिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना

मध्य चरण	3 वर्ष	कक्षा 6-8	अनुभवात्मक और बहुविषयक शिक्षा
द्वितीयक चरण	4 वर्ष	कक्षा 9-12	विषय चयन में लचीलापन

- **अनुभवात्मक अधिगम:** NEP 2020 के तहत सिद्धांत और व्यवहार को जोड़ने के क्रम में **इंटर्नशिप, फील्ड विज़िट एवं वास्तविक विश्व की परियोजनाओं** के माध्यम से अनुभवात्मक अधिगम पर बल दिया गया है।
  - इसमें सीखने की प्रक्रिया को बेहतर करने के क्रम में **डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म** तथा तकनीक-सक्षम कक्षाओं के माध्यम से प्रौद्योगिकी एकीकरण पर बल दिया गया है।
- **शिक्षक प्रशिक्षण: NEP 2020 में शिक्षकों को विकसित शैक्षिक आवश्यकताओं** के अनुरूप तैयार करने हेतु निरंतर व्यावसायिक विकास पर बल दिया गया है।
- **महत्त्वपूर्ण पहल:**
  - **पीएम श्री योजना:** इसका उद्देश्य **14,500 आदर्श स्कूलों** को रोल मॉडल के रूप में विकसित करना है।
  - **निपुण भारत मिशन:** इसे **कक्षा 2 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता सुनिश्चित** करने के क्रम में शुरू किया गया था।
  - **PARAKH:** **PARAKH (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण)** को सीखने के परिणामों की निगरानी के लिये शुरू किया गया है।
  - **NISHTHA:** **NISHTHA (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र प्रगति के लिए राष्ट्रीय पहल)** शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को NEP के परिवर्तनकारी लक्ष्यों के अनुरूप कौशल प्रदान करना है।
- **प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - **आधारभूत चरण का पाठ्यक्रम: आधारभूत चरण हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF-FS)** के तहत 3-8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिये खेल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के क्रम में **जादुई पिटारा किट की** शुरुआत की गई।
  - **क्षेत्रीय भाषा का समावेशन:** AICTE-अनुमोदित इंजीनियरिंग एवं मेडिकल पाठ्यक्रम अब **क्षेत्रीय भाषाओं** में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पहुँच को बेहतर करने के क्रम में **JEE** और **NEET को 13 भाषाओं** में आयोजित किया जाता है।
  - **चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (FYUP):** 105 से अधिक विश्वविद्यालयों ने FYUP को अपनाया है, जो उच्च शिक्षा में **बेहतर विकल्प और अधिक अनुकूलन** पर केंद्रित है।
  - **वैश्विक IIT: IIT-मद्रास ने ज़ांज़ीबार (तंजानिया)** में एक परिसर खोला है और **IIT-दिल्ली** अबू धाबी (UAE) में एक परिसर खोलने की योजना बना रहा है।
  - **डिजिटल लर्निंग: PM ई-विद्या** और **दीक्षा प्लेटफॉर्म** सार्वभौमिक पहुँच को बढ़ावा देने के क्रम में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं जबकि **विद्या समीक्षा केंद्र** का उद्देश्य शैक्षिक प्रगति पर रियल टाइम डेटा प्रदान करना है।
- **चुनौतियाँ:**
  - **5+3+3+4 संरचना का एकीकरण:** राज्य के पाठ्यक्रमों को संरेखित करना और नवीन विधियों के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित करना एक **चुनौती** बनी हुई है, क्योंकि कुछ कक्षाओं के लिये आधारभूत पाठ्यपुस्तकें हाल ही में तैयार की गई हैं।
  - **लंबित विधान:** NEP 2020 में **UGC, AICTE और NCTE** को एक एकल उच्च शिक्षा नियामक में विलय किये जाने का प्रस्ताव दिया गया था है, किंतु इस परिवर्तन को क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक विधान अभी भी **लंबित** है।
  - **एकसमान पर्यवेक्षण का अभाव:** यद्यपि मूल्यांकन के प्रयास जारी हैं, लेकिन NEP के प्रभाव को प्रभावी रूप से मापने के लिये राज्यों में किसी प्रकार के **मानकीकृत मूल्यांकन मीट्रिक का अभाव** है।

समग्र शिक्षा अभियान क्या है?

- **परिचय:** केंद्रीय बजट 2018-19 में प्रस्तुत, **समग्र शिक्षा** एक व्यापक कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत समान शिक्षण परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **प्री-नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक** के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **योजनाओं का एकीकरण:** इसमें पहले की तीन योजनाएँ सम्मिलित हैं:
    - **सर्व शिक्षा अभियान (SSA):** सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा पर केंद्रित।
    - **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA):** इसका उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा है।
    - **शिक्षक शिक्षा (TE):** शिक्षकों के प्रशिक्षण पर केंद्रित।
  - **क्षेत्र-व्यापी विकास दृष्टिकोण:** इस अभियान के अंतर्गत खंडित परियोजना-आधारित उद्देश्यों के स्थान पर **सभी स्तरों (राज्य, ज़िला और उप-ज़िला) पर कार्यान्वयन** को सुव्यवस्थित किया गया है।
  - **सतत् विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण:** लैंगिक असमानताओं को समाप्त करते हुए और सुभेद्य समूहों **(SDG 4.1)** के लिये पहुँच सुनिश्चित करते हुए निःशुल्क, समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा **सुनिश्चित की जाती है (SDG 4.5)**।
- **कार्यान्वयन:** यह **केंद्र प्रायोजित योजना** (CSS) है, जिसका कार्यान्वयन **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर** पर **एकल राज्य कार्यान्वयन सोसायटी (SIS)** के माध्यम से किया जाता है।
  - SIS एक **राज्य-पंजीकृत निकाय है** जो **CSS** और **विकास कार्यक्रमों** का क्रियान्वन करता है।

क्लिक टू रीड:

- **केंद्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) से राजकोषीय संघवाद के लिये किस प्रकार चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं?**
- **भारत में प्रतिस्पर्द्धी और सहकारी संघवाद में क्या चुनौतियाँ हैं?**

निष्कर्ष:

समग्र शिक्षा निधि को विधारित करना NEP 2020 को लेकर **केंद्र और तमिलनाडु के बीच तनाव** को उजागर करता है, **जो संघवाद, भाषाई स्वायत्तता और शिक्षा नीति** कार्यान्वयन के व्यापक मुद्दों को दर्शाता है। शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिये एक ऐसे **सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण** की आवश्यकता है जिसमें राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों को बनाए रखते हुए राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

दृष्टि मेन्स प्रश्न:

प्रश्न. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं। संघवाद पर NEP 2020 के प्रभाव का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

?????:

प्रश्न. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 धारणीय विकास लक्ष्य-4 (2030) के साथ अनुरूपता में है। उसका ध्येय भारत में शिक्षा प्रणाली की पुनःसंरचना और पुनःस्थापना है। इस कथन का समालोचनात्मक निरीक्षण कीजिये। (2020)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nep-2020-and-samagra-shiksha-abhiyan